# जिलाधिकारी महोदय, जौनपुर की अध्यक्षता में दिनांक 29.08.2022 को सम्पन्न जल जीवन मिशन कार्यक्रम की समीक्षा बैठक की कार्यवृत्ति

दिनांक 29.08.2022 को जनपद के कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी महोदय जौनपुर की अध्यक्षता में जल जीवन मिशन कार्यक्रम के कार्यो की समीक्षा की गयी। समीक्षा बैठक में निम्न की उपस्थिति रही।

1. जिलाधिकारी महोदय, जौनपुर।
2. जिला विकास अधिकारी महोदय, जौनपुर।
3. अधिशासी अभियंता जल निगम (ग्रामीण) जौनपुर।
4. मे0 एफकॉन्स इन्फ्रा प्रोजेक्ट (जे0वी0) के प्रतिनिधि।
5. वेलस्पन कावेरी प्रोजेक्ट्स के प्रतिनिधि।

बैठक की कार्यवृत्ति का विवरण निम्नवत् है :–

1. शासन द्वारा गठित जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन (DSWM) समिति जनपद जौनपुर के अन्तर्गत जल जीवन मिशन "हर घर जल" कार्यक्रम हेतु राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन द्वारा चयनित कार्यदायी संस्था M/s AFCONS INFRASTRUCTURE LIMITED Afcons House, 16 Shah Industries Estate, Veera Desai Road, Azad Nagar, P.O. Box No. 11978, Andheri (W) Mumbai-400053 द्वारा 29 नग ग्राम पंचायत पेयजल योजनाओं का डी0पी0आर0 प्रस्तुत किया गया। प्रस्तुत पेयजल योजनाओं के डी0पी0आर0 पर जिला पेयजल एवं स्वच्छता समिति द्वारा संस्तुति प्रदान की गयी। संस्तुति प्राप्त होने के उपरान्त डी0पी0आर0 स्वीकृति हेतु राज्य पेयजल एवं स्वच्छता समिति को अग्रिम आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित किये जाने हेतु निर्देश दिया गया।
2. जिलाधिकारी महोदय द्वारा जल जीवन मिशन फेज–3 कार्यक्रम के अन्तर्गत डी0पी0आर0 विरचन की स्थिति पूछे जाने पर मे0 एफकॉन्स इन्फ्रास्ट्रक्चर के उपस्थित प्रतिनिधि द्वारा अवगत कराया गया है कि 229 नग डी0पी0आर0 जिला पेयजल एवं स्वच्छता समिति की स्वीकृति के उपरान्त राज्य पेयजल एवं स्वच्छता समिति लखनऊ को प्रेषित कर दिया गया है, जिसके सापेक्ष 138 नग डी0पी0आर0 पर एस0एल0एस0एस0सी0 द्वारा स्वीकृति प्राप्त की जा चुकी है। जिलाधिकारी महोदय द्वारा स्वीकृत डी0पी0आर0 के सापेक्ष शत–प्रतिशत योजनाओं पर कार्य तुरन्त प्राप्त करने हेतु एवं अन्य अवशेष डी0पी0आर0 यथाशीघ्र तैयार करने हेतु निर्देशित किया गया।
3. जिलाधिकारी महोदय द्वारा स्वीकृत योजनाओं पर यथाशीघ्र कार्य प्रारम्भ करने हेतु निर्देशित किया गया।
4. मे0 एफकॉन्स इन्फ्रास्ट्रक्चर के प्रतिनिधि द्वारा अवगत कराया गया कि वर्तमान तक 2000 राजस्व ग्राम जो 1059 ग्राम पंचायतों के अन्तर्गत सम्मिलित हैं, के लिये भूमि की उपलब्धता प्राप्त कर ली गयी है।
5. जिलाधिकारी महोदय द्वारा निर्देशित किया गया है कि एस0एल0एस0एस0सी0 द्वारा दिये गये नवीनतम् दिशा–निर्देश के अनुसार डी0पी0आर0 तैयार किया जाना सुनिश्चित करें, जिससे एस0एल0एस0एस0सी0 की बैठक में DPR Non Complaint श्रेणी में वर्गीकृत न किया जाये।
6. जिलाधिकारी महोदय द्वारा मे0 वेलस्पन कावेरी इन्फ्राप्रोजेक्ट (जे0वी0) को FHTC की फीडिंग संबंधित कार्य को गंभीरतापूर्वक लेते हुये प्रगति यथासंभव तीव्र कर न्यूनतम 500 नग गृह संयोजन प्रतिदिन करने हेतु निर्देशित किया गया।
7. जिलाधिकारी महोदय द्वारा चयनित कार्यदायी संस्था को भूमि उपलब्धता के सापेक्ष शत–प्रतिशत ग्राम पंचायतों का सर्वे कार्य पूर्ण करने हेतु निर्देशित किया गया।
8. जिलाधिकारी महोदय द्वारा चयनित कार्यदायी संस्था को सर्वे टीमें बढ़ाकर अधिकतम डी0पी0आर0 तैयार कर जल जीवन मिशन पोर्टल पर अपलोड करने हेतु निर्देशित किया गया।

Scanned with CamScanner